भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3440

सोमवार, 15 जुलाई, 2019 / 24 आषाढ़ 1941 (शक)

नमक्कल, तमिलनाडु में नया ईएसआई अस्पताल

3440. श्री ए. के. पी. चिनराज:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार का नमक्कल, तमिलनाडु में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) का नया अस्पताल खोलने का कोई प्रस्ताव है जहां बड़ी संख्या में श्रमिक/कामगार कुक्कुट पालन व्यवसाय और लॉरी मेकिंग व्यवसाय में लगे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) आज की तिथि के अनुसार नमक्कल जिले में कुल कितने ईएसआई अस्पताल कार्यशील हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): जी, नहीं। नमक्कल में 30/100 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल खोलने का ऐसा कोई प्रस्ताव तमिलनाडु सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है। नमक्कल में बीमित व्यक्तियों की वर्तमान संख्या जो कि 21,139 है को देखते हुए, यदि तमिलनाडु राज्य सरकार इस प्रयोजनार्थ अपनी सहमति/प्रस्ताव दे तो वहां 30 बिस्तर वाला ईएसआई अस्पताल खोलने पर विचार किया जा सकता है। आज की तिथि के अनुसार, नमक्कल जिला, तमिलनाडु में कोई ईएसआई अस्पताल कार्य नहीं कर रहा है।

*****